

हरियाणा – भारत का औद्योगिक केन्द्र

वर्तमान हरियाणा राज्य का नाम भारत के महाकाव्य महाभारत से संकलित "बहुधन्यका" अर्थात् प्रचुर अन्न की भूमि एवं बहुधन अर्थात् धनवानों की भूमि से लिया गया है। हरियाणा राज्य की भूमि अत्यंत उपजाऊ है तथा यह राज्य निःसन्देह भारत का औद्योगिक केन्द्र है। हरियाणा शब्द का अर्थ है भगवान हरि (विष्णु) का निवास (याणा) जो भारत के उत्तरी क्षेत्र में स्थित है।

हरियाणा राज्य प्रथम नवम्बर 1966 को पंजाब राज्य में से बनाया गया। यह राज्य उत्तर पंजाब तथा हिमाचल प्रदेश, पश्चिम एवं दक्षिण में राजस्थान और पूर्व में उत्तराखण्ड और उत्तर प्रदेश से घिरा हुआ है। हरियाणा राज्य की राजधानी चण्डीगढ़ है। सरस्वती नदी के जलमार्ग के साथ–साथ सिन्धु घाटी सभ्यता की समकालीन कई प्राचीन बस्तियाँ जैसे नौरंगाबाद तथा मित्ताथल–भिवानी जिले में, कुणाल तथा बनवाली–फतेहाबाद जिले में, अग्रोहा एवं राखी शाहपुर (राखीगढ़ी)–हिसार जिले में तथा रुखी–सोनीपत जिले में मिली हैं। सरस्वती नदी के तटों पर प्राचीन वैदिक सभ्यता फूली–फली थी और ऋग्वेद के स्रोतों का संकलन यहीं हुआ था।

महाभारत का महायुद्ध हरियाणा के कुरुक्षेत्र शहर के समीप हुआ था और यहाँ भगवान श्री कृष्ण जी ने असंतुष्ट अर्जुन को युद्ध करने के लिए भागवद् गीता का उपदेश दिया था। सूर्य ग्रहण के समय लगने वाले मेलों का केन्द्र सुप्रसिद्ध ब्रह्म–सरोवर भी कुरुक्षेत्र में स्थित है।

हरियाणा राज्य को मूलतः भारत का विकास इंजन माना जाता है। हरियाणा राज्य आधुनिकऔद्योगिकी को आत्मसात करते हुए औद्योगिक उन्नति में अग्रणी है। गुड़गांव शहर, देश का एक महत्वपूर्ण सूचना एवं प्रौद्योगिकी केन्द्र के रुप में उभरा है।

हरियाणा राज्य में पर्यटकों के लिए धार्मिक तीर्थ स्थल, प्राचीन किले, झीलें, चिड़ियाघर तथा संग्रहालय और उनके पृष्ठपट पर फलते–फूलते गाँव तथा फैलते शहर हैं। फरीदाबाद में अन्तर्राष्ट्रीय सुप्रसिद्ध सूरजकुण्ड क्राफ्ट मेला प्रतिवर्ष फरवरी में लगा है।

हरियाणा राज्य का भौगोलिक क्षेत्र 44,212 वर्ग किलोमीटर तथा 2011 की जनगणना के अनुसार जनसंख्या 2 करोड़ 53 लाख 53 हजार है। विषम जलवायु परिस्थितियों में यहाँ का तापमान सर्दियों में 1° सेंटीग्रेड तथा गर्मियों में 50° सेंटीग्रेड तक रहा है। यहाँ औसतन वार्षिक वर्षा 200 मि.मी. से 1000 मि.मी. तक होती है और अधिकांश वर्षा जुलाई से सितम्बर महीने के बीच होती है।

जिलेवार जनसंख्या (2011 जनगणना आंकड़ा)

जनसंख्या	
अम्बाला	1128350
भिवानी	1634445
फरीदाबाद	1809733
फतेहाबाद	942011
गुड़गांव	1514432
हिसार	1743931
झज्जर	958405
जींद	1334152
कैथल	1074304
करनाल	1505324
[illegible]	[illegible]
महेन्द्रगढ़	922088
मेवात	1089263
पलवल	1042708
पंचकुला	561293
पानीपत	1205437
रेवाड़ी	900332
रोहतक	1061204
सिरसा	1295189
सोनीपत	1450001
यमुनानगर	1214205

चण्डीगढ़ व उसके नमीपवर्ती

पैमाना 1:150,000

महत्वपूर्ण स्थान

1 सचिवालय
2 सभा सदन
3 उच्च न्यायालय
4 राक गार्डन
5 कला दीर्घा
6 स्नातकोत्तर संस्थान व नेहरू चिकित्सालय
7 रोज गार्डन
8 बस अड्डा – I
9 सुखना झील
10 औद्योगिक क्षेत्र
11 बस अड्डा – II
12 पंजाब विश्वविद्यालय
13 इमटैक
14 सरकारी औषधीय विद्यालय व अस्पताल
15 राजीव गांधी आई. टी. पार्क
16 श्मशान भूमि

टिप्पणी.

1. सैक्टरों की संख्या काले रंग में दर्शाई गई है.
2. पंजाब और हरियाणा के प्रशासनिक मुख्यालय चण्डीगढ़ में हैं.

दूरी चार्ट

(दूरी कि.मी. में)

दिल्ली	चण्डीगढ़	अम्बाला	भिवानी	फरीदाबाद	फतेहाबाद	गुड़गांव	हिसार	झज्जर	जींद	कैथल	करनाल	कुरुक्षेत्र	महेंद्रगढ़	मेवात	पलवल	पंचकुला	पानीपत	रोहतक	रेवाड़ी	सिरसा	सोनीपत	यमुनानगर
254																						
202	52																					
99	289	237																				
39	293	241	138																			
210	213	169	141	249																		
29	275	231	107	68	198																	
161	244	192	61	200	48	212																
58	312	260	81	97	172	52	126															
124	177	125	68	163	115	139	67	87														
168	135	83	110	207	118	199	111	129	42													
119	135	83	153	158	179	150	149	140	82	63												
151	103	51	153	190	166	182	161	172	114	48	32											
138	296	244	61	156	202	107	154	80	119	161	214	246										
94	348	296	165	55	306	48	258	104	191	233	213	245	145									
62	316	264	161	101	272	91	223	120	186	230	181	213	200	156								
253	12	51	288	292	212	274	243	311	176	134	134	102	295	347	315							
85	169	117	119	124	186	116	138	106	71	83	34	66	180	177	147	168						
71	241	189	47	110	128	67	80	34	53	95	106	138	108	104	133	240	72					
79	333	281	106	59	217	50	169	45	132	174	185	217	45	42	141	332	164	79				
252	255	211	83	291	42	240	90	214	157	150	221	208	244	348	314	254	228	181	259			
42	212	160	123	81	204	71	156	55	72	126	77	109	184	136	104	211	43	76	100	257		
182	106	54	216	221	213	213	165	203	161	95	63	47	277	276	244	105	97	169	261	255	140	

कैसे पता करें दूरी

(जैसे अम्बाला और पानीपत के बीच)

आप अपने एक हाथ की उंगली को पानीपत के समानान्तर व दूसरे हाथ की उंगली को अम्बाला से नीचे की तरफ लाए जहाँ पर इन दोनों का मिलान होगा वहीं पर 117 किलोमीटर की दूरी पाएंगे.

भारत के महासर्वेक्षक डा. स्वर्ण सुब्बा राव, के निदेशन में प्रकाशित,
भारतीय सर्वेक्षण विभाग, हाथीबड़कला स्टेट, पोस्ट बाक्स सं0 37, देहरादून – 248001 (उत्तराखण्ड)
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार
2013.